# 2024

## HINDI

## ( Honours Core )

Paper : HIN–HC–6016

( हिन्दी की साहित्यिक पत्रकारिता )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) किशोरीलाल गोस्वामी की कहानी 'इंदुमती' का प्रकाशन किस पत्रिका में हुआ था?

(ख) भारतेन्दु ने स्त्रियों के लिए कौन-सी पत्रिका निकाली थी?

(ग) हिन्दी के पहले समाचार-पत्र का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) 'मतवाला' पत्रिका पहली बार किस वर्ष प्रकाशित हुआ था?

(ङ) 'आनंद कादंबिनी' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती थी?

(च) 'मर्यादा' मासिक पत्रिका थी या साप्ताहिक?

(छ) 'गंगा' पत्रिका के प्रथम संपादक कौन थे?

(ज) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' द्वारा संपादित पत्रिका का नामोल्लेख कीजिए।

(झ) श्री नेमिचंद्र जैन ने रंगमंच से संबंधित कौन-सी पत्रिका प्रकाशित की थी?

(ञ) 'हंस' पत्रिका का नामकरण किसके द्वारा किया गया था?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'इंदु' पत्रिका का प्रकाशन कब और कहाँ से हुआ था?

(ख) 'जनसत्ता' पत्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) भारतेन्दु द्वारा प्रकाशित किन्हीं दो पत्रिकाओं का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) 'हिन्दी प्रदीप' के संपादक कौन थे और उसका प्रथम प्रकाशन कब हुआ था?

(ङ) प्रतापनारायण मिश्र द्वारा संपादित पत्रिका का क्या नाम था? वह कहाँ से प्रकाशित होती थी?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'भारतमित्र' पत्रिका का सामान्य परिचय दीजिए।

(ख) भारतेन्दुयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता के महत्त्व का आकलन कीजिए।





(ग) हिन्दी साहित्य को 'हंस' पत्रिका की देन पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'विशाल भारत' पत्रिका के ऐतिहासिक महत्त्व को रेखांकित कीजिए।

(ङ) द्विवेदीयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(च) हिन्दी की साहित्यिक पत्रकारिता में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) 'साहित्यिक पत्रकारिता को भारतेन्दुयुगीन साहित्यकारों की देन' विषय पर एक लेख लिखिए।

**अथवा**

भारतेन्दुयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता की प्रमुख प्रवृत्तियों को रेखांकित कीजिए।

(ख) साहित्यिक पत्रकारिता की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए उसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

हिन्दी साहित्य के विकास में 'सरस्वती' पत्रिका के योगदान का आकलन कीजिए।

(ग) स्वातंत्र्योत्तर साहित्यिक पत्रकारिता की दिशा और दशा पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

समकालीन साहित्यिक पत्रकारिता पर एक लेख लिखिए।

(घ) हिन्दी की साहित्यिक पत्रकारिता को प्रेमचंद की देन पर एक विस्तृत आलेख लिखिए।

**अथवा**

छायावादयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

★★★